सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 9 अंक : 229 | इंदौर, बुधवार 28 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. हिमाचल में स्पीकर का बड़ा एक्शन, BJP के 15 विधायकों को किया सस्पेंड, उधर वीरभद्र सिंह के बेटे ने दिया CM सुक्खू को झटका
2. Tamil Nadu: PM मोदी ने 17,300 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात, देश के पहले हाइड्रोजन हब पोर्ट को हरी झंडी

### बात मुद्दे कि... जनता कहिन..!

# सत्तालोलुप गिद्ध... और चुनावी मनोरंजन युग !

कहां गई जनभावनाएं ?कहां गया संगठन या पार्टी के प्रति समर्पण ? कहां गया विचारधारा में दृढ़ता और संकल्प ? .. आज की राजनीति का पूरी तरह से नैतिक पतन निरंतर जारी है सत्ता में सट्टा का खेल है ..पद की ही चाह है ।उठापटक - खरीदफरोख्त मानमनोवल निरंतर जारी है । जनता भी राजनीतिक मनोरंजन का यह स्वाद गलीमोहल्ला, ड्राइंगरूम में स्वसंघर्ष करते हुए आनंद ले रही है लगता है इस देश में अब समाचारों में राजनीति ही रह गई है समाचारों में चुनाव ही रह गए हैं समाचारों में अब सत्ता हस्तांतरण, सत्ता गठबंधन , सत्ता -उत्थान ही रह गया है !



# माधव नंदन परिचय पत्रिका समाज के लिए वरदान : महापौर

## →इंदौर जिले के 3 लाख यादव बंधुओं का पारिवारिक संकलन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सामाजिक स्तर पर संगठित होने के लिए एक दूसरे का परिचय जरूरी है। व्यक्ति से परिवार, परिवार से समाज और समाज से राष्ट्र का निर्माण होता है। अपने धर्म,समाज, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा करते हुए जो सबका विकास करता है, वही सामाजिक प्राणी कहा जाता है। ऐसे दौर में सामाजिक पत्रिका मार्गदर्शन देती है।**

ये सारगर्भित विचार महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने यादव समाज कोर कमेटी के तत्वावधान में माधव नंदन परिचय पत्रिका का विमोचन करते हुए कही। वरिष्ठ समाजसेवी आर डी यादव ने कहा कि समाज में एक दूसरे का परिचय होना आवश्यक है। व्यक्ति को अपने सुख-दुख बाँटने के लिए किसी न किसी की आवश्यकता होती है और समाज इसमें मुख्य भूमिका को निभाता है।पत्रिका के संपादक राजेश यादव ने बताया कि इंदौर जिले के 3 लाख स्वजातीय बंधुओ का पारिवारिक संकलन समाहित है।प्रारंभ में यादव समाज कोर कमेटी के अध्यक्ष गुलशन यादव ने परिचय पत्रिका पर प्रकाश डाला और महापौर श्री भार्गव का यादव समाज की और से स्वागत किया गया। इस दौरान कमेटी के प्रमुख आर.डी.यादव, पुरषोत्तम यादव,चैनसिंह यादव, राजेश यादव, डॉ. रमन यादव,अमरसिंह यादव की उपस्थिति में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने माधव परिचय पत्रिका का विमोचन किया।यादव समाज कोर कमेटी के अध्यक्ष गुलशन यादव एवं कमेटी के प्रमुख आर.डी.यादव, पुरषोत्तम यादव,चैनसिंह यादव, डॉ. रमन यादव,अमरसिंह यादव की उपस्थिति में महापौर पुष्यमित्र भार्गव का अभिनंदन किया गया और स्वातंत्रवीर क्रांतिकारी राव तुलाराम एवं पद्मश्री डॉ. भक्ति यादव की प्रतिमा गरिमापूर्वक लगाने के निर्णय का स्वागत किया गया है।

# मॉडर्न ग्रुप में हुई अंतर-महाविद्यालयीन खेल-कूद स्पर्धा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मॉडर्न ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स इंदौर द्वारा 3 दिवसीय अन्तर-महाविद्यालयीन खेल-कूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। इनके समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह में इंदौर ग्रामीण के डीएसपी डॉ. उमाकांत चौधरी एवं भारतीय पैरा क्रिकेट टीम के खिलाड़ी कप्तान ब्रजेश द्विवेदी (आईआईटी, इंदौर) मुख्य अतिथि रहे। संस्था के चेयरमैन डॉ. अनिल खरया, समूह निदेशक डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी, विभागाध्यक्ष (फामेर्सी) डॉ. सपना मालवीय,विभागाध्यक्ष (प्रबंध) डॉ. सिमरनजीत कौर संधार, सभी फैकल्टी एवं विभिन्न कॉलेजों के खिलाड़ी विद्यार्थी उपस्थित रहे।अतिथियों द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों का स्वागत संस्थाध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम की जानकारी एवं स्वागत भाषण डॉ. पुनीत द्विवेदी ने किया। उद्बोधन में अतिथियों ने विद्यार्थियों को टीम भावना से पूरी मेहनत और लगन के साथ खेलने का सुझाव दिया। प्रतियोगिताओं का समन्वयन डॉ. नेहा शर्मा चौधरी के नेतृत्व में नरेंद्र यादव (खेल अधिकारी), कुलदीप उपाध्याय, रोहित यादव, शैलेंद्र मंगलावत एवं पूजेन्दर सिंह चौहान ने किया। कार्यक्रम संचालन प्रो. अनामिका सिंह ने किया।

# पंचकल्याणक का शुभारंभ , 81 कलशो से होगी शिखर शुद्धि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** ए.बी. रोड डकाच्या स्थित ऋषि तीर्थ परिसर में नवनिर्मित भव्य जिनालय के पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को सुबह घट यात्रा, मंगल पूजा विधान, शांति धारा , मंगल कलश स्थापना एवं भक्ति संगीत के साथ आचार्य प्रसन्न ऋषि महाराज, आचार्य कुमुदनंद, आचार्य विहर्ष सागर एवं आचार्य दयासागर म.सा. ससंघ के सानिध्य में हुआ। दिनभर ऋषि तीर्थ परिसर महावीर स्वामी एवम जिन शासन के जय घोष से गुंजायमान बना रहा। पंचकल्याणक महोत्सव समिति के दिलीप जैन, विमल झांझरी एवं अंकुर पाटनी ने बताया कि सुबह याग मंगल पूजा विधान तथा मुनि विजेश सागर म.सा. के मुनि दीक्षा दिवस एवं पिच्छी परिवर्तन के बाद शांति धारा का लाभ निलेश-रूबी जैन, ध्वजारोहण का लाभ ऋषभ पाटनी परिवार तथा मंडप शुभारंभ का लाभ सुमनलता, आशु-रुचि जैन ने लिया। दीप प्रज्वलन सुधीर, अमित, अभिषेक जैन ने किया। मंगल कलश की स्थापना धनपाल, तेजपाल , अजय पाल, प्रिंसपाल एवं सुश्रुत पाल टोंग्या परिवार ने की। नंदी कलश की स्थापना सुरेंद्र-पिंकी बड़जात्या ने की। बुधवार को नवग्रह शांति हवन, गर्भ कल्याणक पूजा- महोत्सव समिति के मीडिया प्रभारी ऋषभ पाटनी ने बताया कि बुधवार, 28 फरवरी को सुबह नवग्रह शांति हवन, गर्भ कल्याणक पूजा एवं पंचकल्याणक विधान प्रारंभ होंगे। दोपहर में 81 कलशो से सौभाग्यवती महिलाएं एवं कुंवारी कन्याएं मंदिर ,वेदी एवं शिखर शुद्धि तथा वेदी न्यास आच्छादन करेगी।

# मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस, बार्सिलोना में इंदौर की विनीता राठी ने किया देश का प्रतिनिधित्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** हर वर्ष फरवरी के अंतिम सप्ताह में दुनिया के सबसे बड़े टेक इवेंट मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) का आयोजन किया जाता है। जीएसएमए द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम इस वर्ष 26 फरवरी से 29 फरवरी तक बार्सिलोना में हो रहा है। जहाँ कई देशों के टेक एक्सपर्ट्स, बिजनेस टायकून और अपने क्षेत्र में विशेष सफलता हासिल करने वाले लोग हिस्सा ले रहे हैं। इंदौर के साथ साथ पूरे देश एवं प्रदेश के लिए गौरव का विषय है कि इस वर्ष एमडब्ल्यूसी 2024 में सिस्टांगो की सीईओ विनीता राठी मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में स्पीकर के रूप में शामिल हुईं। सुश्री राठी ने अपनी कंपनी का प्रतिनिधित्व करते हुए, इस वैश्विक मंच पर फिनटेक फ्यूजनः एआई और फिनटेक प्रोग्राम 2024 में उभरती शक्तियों के बारे में चर्चा की। साथ ही वह डिजिटल परिवर्तन, उद्योग 4.0, और मोबाइल प्रौद्योगिकी के सामाजिक और आर्थिक प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी अपने विचार रखे।

सिस्टेंगो की सीईओ विनीता राठी ने कहा, एमडब्ल्यूसी बार्सिलोना में शामिल होना और पूरी दुनिया के सामने इंडस्ट्री के बारे में अपने दृष्टिकोण को साझा करना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह एक शानदार अवसर था कि हम अपने तकनीकी इनोवेशन को प्रदर्शित करें और टेक्नोलॉजी के भविष्य को आकार देने में अहम भूमिका निभाएं। फिनटेक इंडस्ट्री इस वक्त ऐतिहासिक परिवर्तन के दौर से गुजर रही है, डिजिटलाइजेशन, आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के साथ-साथ गेमिंग और सोशल कॉमर्स भी इसे प्रभावित करते हैं।

# यातायात प्रबंधन में सहयोग प्रदान किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । विश्व एनजीओ दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिभा फॉउंडेशन सदस्यों द्वारा पुलिस यातायात प्रबंधन के सहयोग एवं मार्गदर्शन में रहकर द्वारा रीगल चौराह पर यातायात व्यवस्था संभाली गई। इस आयोजन में लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी सहयोग प्रदान किया ।जनता को यातायात के नियमों एवं हेलमेट की मेहत्ता के बारे में समझाते हुए हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाने की भी अपील की गई। इस यातायात जागरूकता अभियान में पलासिया पुलिस यातायात प्रबंधन के पुलिस उपायुक्त श्री मनीष कुमार अग्रवाल ने प्रतिभा फॉउंडेशन एवं लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों के कार्य एवं सहयोग की सराहना की। अभियान में मुख्य रूप से पुलिस यातायात प्रबंधन के सुमंत सिंह का विशेष सहयोग रहा।डॉ संध्या द्वारा पुलिस यातायात प्रबंधन का आभार प्रकट किया गया।

कटाक्ष




# मंत्री सिलावट के अथक प्रयासों से सांवेर क्षेत्र में बिछेगा सड़कों का जाल

## →लगभग 75 करोड़ 50 लाख रूपये लागत की 85 किलोमीटर लम्बी 29 सड़कें स्वीकृत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के अथक प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र सांवेर को बड़ी सौगात मिली है। सांवेर क्षेत्र के लिए लगभग 75 करोड़ 50 लाख रुपए लागत की 85 किलोमीटर लम्बी 29 सड़कें स्वीकृत हुई हैं। सांवेर क्षेत्र में सड़कों के जाल का विस्तार होगा। मंत्री श्री सिलावट ने उक्त सड़कों की स्वीकृति प्रदान करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह को सांवेर विधानसभा की ओर से धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

श्री सिलावट ने कहा है कि इन सड़कों के जाल बनने से क्षेत्रीय नागरिकों के आवागमन में काफी सुविधा होगी। किसान अपनी उपज आसानी से मण्डी में ले जा सकेंगे। विद्यार्थियों को स्कूल कॉलेज आने-जाने में सुविधा होगी। बीमार व्यक्ति को आपात स्थिति में तुरंत इंदौर ले जाकर उपचार कराया जा सकेगा। लोगों के आवागमन में सुविधा के साथ-साथ धन एवं समय की भी बचत होगी। कई ऐसे कार्यों की सुविधा होगी जो सड़कों के अभाव के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्र में इतनी सड़कों की स्वीकृत मिलने पर ग्रामीणजनों में हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणजनों ने क्षेत्रीय विधायक एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट को धन्यवाद व्यक्त किया है।

# स्वास्थ्य शिविर पीड़ा का समाधान करने में होते हैं सहायक-डॉ वंदना शिंदे

**इंदौर।** जिस तरह समाजों के युवक युवती परिचय सम्मेलन रिश्तो की डोर बढ़ने में सहायक होते हैं, इस तरह निशुल्क स्वास्थ्य सवेरे भी रोगियों की पीड़ा का समाधान करने में सहायक होते हैं। यह बात स्कीम की नंबर 51 में ब्रह्मलीन श्री रामदास जी म्हात्रे की स्मृति में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ. वंदना शिंदे ने कहीं। सर्जन डॉक्टर शिंदे ने कहा कि शिविर में लोग बिना खर्च और तनाव मुक्त होकर आते हैं और अपनी पीड़ा का खुलकर बयां करते हैं। इस तरह के शिविर अत्यंत जरूरी है। शिविर के माध्यम से सभी तरह की बीमारियों का परामर्श दिया गया साथ ही दवाइयां का वितरण भी किया गया।







# मंथरा ने राम काज हेतु अपमान स्वीकार किया

## →मंथरा गान की सातवीं श्रंखला संपन्न हुई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गत दिवस श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति के सभागार में पंडित सत्यनारायण सत्तन जी द्वारा रचित खंडकाव्य मंथरा के चयनित पदों का स्वर गान का आयोजन प्रति मंगलवार को किया जा रहा है। इसकी सातवीं कड़ी की प्रस्तुति के अवसर पर अतिथियों के मंचासीन उपरांत मां सरस्वती दीप प्रज्वलन एवं डॉ शशि निगम द्वारा सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। अतिथियों का स्वागत शीतल पाटीदार एवं सोनम दीक्षित द्वारा किया गया। समिति की ओर से प्रधानमंत्री श्री अरविंद जवलेकर जी ने सभी का स्वागत किया। उपरांत श्री पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा मंथरा के चयनित पदों का स्वरगान करते हुए प्रस्तुतीकरण दिया।**



इस कड़ी में मंथरा के उस चरित्र पर प्रकाश डाला जिसके आधार पर श्री राम को वनवास हुआ वनवास में ही वह श्री राम से मर्यादा पुरुषोत्तम राम बने तथा मंथरा के उपेक्षित पात्र पर खंडकाव्य के पदों के आधार पर विस्तार से प्रकाश डाला।भरत और कैकेयी के संवाद पर भी प्रकाश डाला। विशेष अतिथि के रूप में बोलते हुए श्रीमती सपना साहू साहित्यकार लेखिका द्वारा आज की इस प्रस्तुति पर अपने विचार व्यक्त किए और एक नकारात्मक पात्र से सकारात्मक वातावरण और परिस्थितियां कैसे बनी इस पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉक्टर बरखा श्रीवास्तव सहायक प्राध्यापिका शासकीय महाविद्यालय सांवेर ने श्री पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा प्रस्तुत आज की प्रस्तुति पर अपने विचार व्यक्त किया और कहा कि श्री सतत‌न जी का लेखन अद्भुत है उसे व्यक्त करने का काम जो पुष्पेंद्र जी ने किया वह अद्वितीय है। वहीं अध्यक्ष उद्बोधन में डॉक्टर पदमा सिंह साहित्य मंत्री हिंदी साहित्य समिति द्वारा कहा गया कि सत्तन जी के इस खंडकाव्य की प्रथम कृति भी मेरे द्वारा देखी गई द्वितीय प्रकाशन के आधार पर श्री पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा जो गान स्वर गान किया जा रहा है वह निश्चित रूप से सराहनीय है। कृतज्ञता की प्रस्तुति श्रीमती सपना साहू वरिष्ठ लेखिका द्वारा अलग अंदाज की गई एवं वंदे मातरम का गान भी उनके द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार काव्य रस संस्था के संस्थापक श्री राजेंद्र पांडे तपन द्वारा किया गया।

## हजयात्रियों को 10 मार्च तक किश्त व 15 मार्च तक दस्तावेज जमा करना होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। प्रदेश के हज आवेदकों के लिए खुशखबरी है। सेंट्रल हज कमेटी ने सऊदी सरकार से मिली हजयात्रा की अतिरिक्त सीटों का आवंटन कर दिया है। इनमें से मध्यप्रदेश के 558 हज आवेदकों को हज की राह आसान हो गई है। जिला हज कमेटी के अध्यक्ष राशिद शेख, सचिव हाजी अमान मेमन ने बताया हज कमेटी ने 558 तक की पहली वेटिंग क्लियर की। उन्होंने बताया अब सभी हजयात्रियों को दूसरी किश्त 1लाख 70 हजार की जमा करना होगी। जिनका वेटिंग से नम्बर आया है उन्हें 81800 पहली किश्त के साथ 170000 दूसरी किश्त के मिलाकर कुल 251800 ? एक साथ जमा करना होगा। किश्त जमा करने की आखरी तारीख 10 मार्च है। हजयात्री अपने दस्तावेज 15 मार्च तक जमा कर सकते हैं। जिला अध्यक्ष राशिद शेख, उपाध्यक्ष सूफी आरिफ, सचिव हाजी अमान मेमन ने बताया वेटिंग लिस्ट में क्लियर होने वाले हजयात्रियों की मेडिकल स्कैनिंग और सर्टिफिकेट के लिए हुकुमचंद पॉली क्लिनिक (लाल अस्पताल) पर सुबह 9:30 से लेकर 2:00 बजे तक किये जा रहे हैं। उन्होंने अपील की है हजयात्री जल्द से जल्द अपनी कागजी कार्रवाई पूरी कर असुविधा से बचें।

## मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु चलेगा स्वीप अभियान

**इंदौर**। इंदौर जिले में आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान अधिकाधिक मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। कलेक्टर श्री सिंह ने इंदौर नगरीय क्षेत्र के लिए अपर आयुक्त नगर निगम दिव्यांक सिंह को नोडल अधिकारी बनाया है। इसी तरह जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अनिल पंवार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही जिले की सभी आठों नगर परिषदों के लिए संबंधित क्षेत्र के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नोडल अधिकारी रहेंगे। उक्त अधिकारी स्वीप से संबंधित गतिविधियों के संचालन का पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेगें। मतदाताओं के नांमाकन में वृद्धि के प्रयास और चुनाव में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ इन्दौर जिले हेतु स्‌?वीप संबंधित कार्य योजना (स्वीप प्लान) तैयार कर उसके कियान्‌?वयन संबंधित कार्य संपादित करेगें।

# बच्चों को जापानी बुखार से बचाने के लिए जे.ई. टीकाकरण अभियान प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में बच्चों को जापानी बुखार से बचाने के लिए आज से जे ई. टीकाकरण अभियान प्रारंभ हुआ। यह अभियान इन्दौर सहित प्रदेश के चार जिलों में भोपाल, सागर एवं नर्मदापुरम में शुरू हुआ। इसके पूर्व विदिशा एवं रायसेन जिले में यह अभियान शुरू हो चुका है। अब नियमित टीकाकरण में भी यह टीका दिया जाने लगा है। जापानी बुखार के सर्वाधिक प्रकरण उत्तर प्रदेश से सामने आए है। मध्यप्रदेश में भी ह्लजापानी बुखारह्व के प्रकरण रिपोर्ट किए जा चुके हैं।**



इन्दौर जिले में अभियान का शुभारंभ सांसद शंकर लालवानी एवं पार्षद श्रीमती पंखुड़ी जैन डोशी ने शासकीय पीसी सेठी चिकित्सालय में किया। 10 वर्षीय तनिष्क वर्मा, 04 वर्षीय भवानी वर्मा, 1.5 वर्षीय हर्षवर्धन एवं रुद्रांश को टीका लगाकर कार्ड वितरित किया गया।

सांसद श्री लालवानी ने इस अवसर पर कहा कि यह बच्चों स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इंदौर में इस अभियान के अंतर्गत अनेक निर्धारित संस्थाओं में जे.ई. का टीका प्रतिदिन निःशुल्क लगाया जाएगा। साथ ही साथ नियमित टीकाकरण दिवस के अंतर्गत सभी टीकाकरण केन्द्रों पर यह टीका लगाया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एस. सैत्या, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. तरुण गुप्ता, प्रभारी अधिकारी डॉ. निखिल ओझा, जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी डॉ. मनीषा पंडित, झोनल डॉ अजय गुप्ता आदि उपस्थित थे। सभी परिजनों से यह अपील की गयी है कि वे अपने 01 से 15 साल के बच्चों को इस बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए जे.ई. का टीका अवश्य लगवाएं। बताया गया कि यह टीका चाचा नेहरु बाल चिकित्सालय, इन्डेक्स मेडिकल कॉलेज,अरविन्दो इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल कॉलेज, पॉली क्लीनिक हुकुमचंद, पॉली क्लीनिक मल्हारगंज, पी.सी. सेठी चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाणगंगा, मांगीलाल चुरिया चिकित्सालय तथा यूपीएसी अरण्य नगर में लगाये जायेंगे।

## उद्योग विहीन ग्रामों में उद्योग स्थापित करने हेतु कार्यशाला

### बड़ी संख्या में उद्योग लगाने के लिए युवा आगे आए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिले में उद्योग विहीन ग्रामों में उद्योग लगाने के लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में विशेष प्रयास किये जा रहे है। जिले में बड़ी संख्या में युवाओं को उद्योग लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। युवा बड़ी संख्या में आगे भी आ रहे है। इन युवाओं को उद्योग लगाने के संबंध में जानकारी देने के लिए आज जनपद पंचायत सांवेर सभागृह में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में 40 ग्राम पंचायतों से आये 100 से अधिक चयनित युवक/युवतियों ने भाग लिया। मार्गदर्शन शिविर में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री एस.एस. मण्डलोई द्वारा समस्त विभागों की योजनाओं यथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आदि की जानकारी दी गई। युवक/युवतियों को आवेदन हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं पी०पी०टी० प्रजेन्टेशन दिया गया। तत्पश्चात् अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री सुनील ढाका एवं सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा वन-टू-वन प्रश्नोत्तर सेशन द्वारा सभी हितग्राहियों की समस्याओं को सुनकर समाधान किया गया।

# मौसम की मार से बिगड़ी फसलें

## गेहूं-चने लगाने वाले किसान परेशांन - नर्मदापुरम के 94 से ज्यादा गांव में फसलें बिछीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेशभर में मंगलवार को आंधी, बारिश और ओलों के गठजोड़ ने खेत तबाह कर दिए। नर्मदापुरम जिले के 94 से ज्यादा गांव में गेहूं, चने की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। शिवपुरी के 18 से ज्यादा, तो श्योपुर के 7 गांव में ओलों ने फसलें खराब की हैं।**

खंडवा, बैतूल, छिंदवाड़ा, दमोह, छतरपुर, सागर, सीहोर, विदिशा, रायसेन, दमोह, हरदा, बुरहानपुर, शाजापुर, बड़वानी, देवास जिले में भी ओले गिरे। गेहूं, चने और सरसों की फसलें खेतों में आड़ी पड़ी हैं। उज्जैन के तराना और घट्टिया में ओलों से फसलों को नुकसान हुआ है। कलेक्टर ने सर्वे के निर्देश दिए हैं।

एग्रीकल्चर एक्सपर्ट और केंद्रीय कृषि मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति के सदस्य योगेश द्विवेदी का कहना है कि ओले गिरने से गेहूं और चने की फसल को 30% तक नुकसान होगा। दाने पतले होंगे।



नर्मदापुरम में प्रशासन ने नुकसान का सर्वे कराना शुरू कर दिया है। सोमवार रात से मंगलवार रात तक इटारसी, सिवनीमालवा के 72 गांवों में ओला-बारिश हुई। हिरणखेड़ा गांव में 200 ग्राम से ज्यादा वजन के ओले गिरे। संयुक्त कलेक्टर अनिल जैन ने बताया बारिश से नर्मदापुरम तहसील के 22, ओलावृष्टि-बारिश से सिवनीमालवा के 40 और इटारसी क्षेत्र के 32 गांवों की फसल को नुकसान पहुंचा है।

खंडवा जिले में इस साल रबी सीजन में करीब 2.25 लाख हेक्टेयर रकबे में गेहूं तो 90 हजार हेक्टेयर में चने की फसलों की बोवनी हुई। कृषि विभाग के अनुसार फरवरी के अंतिम सप्ताह तक 20% फसलों की कटाई हो पाई थी। सूखकर काटने के लिए तैयार और हरी 80% फसलें अब भी खेतों में लहलहा रही थीं। हरसूद तहसील में शत प्रतिशत नुकसान हुआ। खंडवा, पंधाना, पुनासा, छैगांवमाखन, खालवा व बलड़ी तहसील में 50 फीसदी नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

बुरहानपुर जिले में गेहूं, चने और मक्का फसल को नुकसान तो हुआ ही है, कुछ खेतों में केला-तरबूज फसल भी प्रभावित हुई है। इससे उत्पादन में कमी आएगी। किसानों को भाव भी कम मिलेंगे। तेज बारिश से 50 से ज्यादा गांवों में फसलों को नुकसान हुआ है। नेपानगर तहसील के अंबाड़ा, सारोला, नेपानगर, उमरदा, हिंगना, लिंगा, महलगुलआरा समेत 10 से ज्यादा गांव में नुकसान हुआ। बारिश के साथ ओले गिरे।

बैतूल जिले में शाहपुर ब्लॉक के 6 गांव में ओलावृष्टि और 5 गांव में बारिश - आंधी फसल आड़ी हो गई। चिचोली ब्लॉक के 7 गांव में ओलावृष्टि और घोड़ाडोंगरी के 11 गांव में बारिश आंधी से फसलों को नुकसान हुआ। शाहपुर ब्लॉक के वनग्राम बरेठा में ओलावृष्टि से 80 प्रतिशत फसलों को नुकसान हुआ है। इस गांव के किसान पिरमू की बेटी की शादी मई माह में होने वाली है। पिरमू ने साढ़े तीन एकड़ में गेहूं की फसल लगाई थी। किसान को 50 क्विंटल गेहूं पैदा होने का अनुमान था। उसका कहना है कि बेटी के हाथ पीले करने के लिए अब रिश्तेदारों से कर्ज लेना पड़ सकता है।

सागर संभाग के सभी जिलों में बारिश हुई। टीकमगढ़, छतरपुर और दमोह जिले में कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। खेतों में खड़ी गेहूं, मटर, चना, सरसों फसल को नुकसान हुआ है। टीकमगढ़ जिले के पलेरा, चंदेरा, स्यावनी, खरो, जरूवा, कछियागुड़ा सहित कई गांव में 20 मिनट तक ओलावृष्टि हुई। कछिया गुड़ा गांव में 20 से 50 ग्राम वजनी ओले गिरे। दमोह जिले के अधरोटा, शीशपुर पटी सहित अन्य गांव में बेर के आकार के ओले गिरे। जबेरा ब्लॉक के भजिया सहित आसपास के गांव में भी ओले गिरे हैं।

## पूर्व डीजीपी की नातिन अक्षया हत्याकांड की गवाह पर फायरिंग

### ग्वालियर में स्कूल जा रही टीचर को नकाबपोश ने रोका, दो गोलियां चलाईं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में पूर्व डीजीपी सुरेंद्र यादव की नातिन अक्षया की हत्या की गवाह पर फायरिंग हुई है। नकाबपोश हमलावर ने गवाह करुणा शर्मा को रोका, धमकाया और कट्टे से दो फायर किए। फिर साथी के साथ बाइक से भाग निकला। घटना बारा बीघा इलाके की है। महिला गवाह टीचर हैं। मंगलवार सुबह स्कूल जा रही थीं, तभी वारदात को अंजाम दिया गया।**

अक्षया की 10 जुलाई 2023 को हत्या कर दी गई थी। अक्षया की दोस्त सोनाक्षी और उसकी मां करुणा शर्मा घटना की चश्मदीद गवाह हैं।

अक्षया हत्याकांड में पुलिस ने 8 लोगों को आरोपी बनाया है। 5 सेंट्रल जेल में थे, जिनमें से 2 जमानत पर बाहर हैं। 3 नाबालिग आरोपी बाल संरक्षण गृह में थे। 25 दिसंबर को तीनों भाग गए थे। इनमें से 1 ही पकड़ा जा सका है। आरोपियों के बाल संरक्षण गृह से भागने के बाद करुणा के घर पुलिस तैनात रहती है लेकिन बाहर वे अकेले ही आती-जाती हैं।

#### बदमाश जानता था कि इसी रास्ते से स्कूल जाती हैं

माधौगंज थाना इलाके में बारह बीघा की रहने वाली करुणा शर्मा टीचर हैं। वे स्कूल में पढ़ाने के साथ कोचिंग भी देती हैं। उनकी बेटी सोनाक्षी शर्मा जेईई मेन्स की तैयारी कर रही है। मां-बेटी को गवाही देने से रोकने के लिए पहले भी धमकाया जा चुका है।

#### टीचर के पति बोले- आरोपी लगातार धमका रहे हैं

करुणा के पति सूरज शर्मा ने कहा, ह्यआरोपी लगातार धमका रहे हैं। पुलिस हमारे घर के बाहर खड़ी रहती है, लेकिन हम कहीं जाते हैं तो जान को खतरा है। अभी वे डराने के लिए गोली चला रहे हैं। यदि हम नहीं माने तो हत्या कर देंगे।

## स्कूल संचालक की हत्या का खुलासा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

नर्मदापुरम। नर्मदापुरम जिले के बनखेड़ी के ग्राम चांदौन में 20 फरवरी की रात को स्कूल एवं पेट्रोल पंप संचालक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या सामाजिक बहिष्कार, एट्रोसिटी एक्ट केस व व्यावसायिक कार्यों में अड़चन डालने की वजह से हुई थी। वारदात का मुख्य आरोपी शेवेंद्र उर्फ पप्पू तिवारी निवासी चांदौन है। जिसने परेशान होकर अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर स्कूल संचालक को खत्म करने की पूरी प्लानिंग की। आरोपी ने सिलवानी से शूटरों को घटना को अंजाम देने के लिए तैयार किया। जिसके लिए उन्हें पिस्टल व नगद 20 हजार रुपए भी दिए। इस पूरी घटना में 8 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वारदात के 8वें दिन नर्मदापुरम एसपी डॉक्टर गुरकरन सिंह ने पुलिस कंट्रोल रुम में खुलासा किया। मुख्य आरोपी पप्पू तिवारी, उसके बेटे सत्यम तिवारी समेत 8 आरोपियों को पुलिस ने आज पिपरिया कोर्ट पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## भोपाल लोकसभा से रायशुमारी में वीडी शर्मा का नाम आया

### →भाजपा ऑफिस में कोर कमेटी की बैठक, सीएम मोहन, वीडी, शिवराज रहे मौजूद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल** । मध्यप्रदेश की 23 लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों का पैनल आज फाइनल हो जाएगा। भोपाल में प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंगलवार शाम 5 बजे प्रदेश कोर कमेटी की बैठक हुई। बीजेपी ऑफिस में हुई मप्र कोर कमेटी की बैठक में लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ महेन्द्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, सीएम डॉ मोहन यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, लाल सिंह आर्य, मंत्री राकेश सिंह, नरोत्तम मिश्रा, जयभान सिंह पवैया, ओमप्रकाश धुर्वे मौजूद रहे।

चुनाव समिति की बैठक में होगी नामों पर चर्चा- कुछ देर बाद प्रदेश भाजपा कार्यालय में एमपी की प्रदेश चुनाव समिति की बैठक होगी, जिसमें लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित चुनाव समिति के सदस्य मौजूद रहेंगे।

इस रायशुमारी में खजुराहो सांसद और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का नाम भोपाल से आया है। वीडी शर्मा के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, शैलेन्द्र शर्मा, आलोक संजर, मौजूदा सांसद प्रज्ञा ठाकुर, पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह राठौड़ के नाम भी कार्यकर्ताओं ने रायशुमारी में दिए हैं।

## भिंड में रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली छात्रा पर पलटी

**भिंड।** सीता नगर में रेत से भरी ट्रॉली पलटने से छात्रा की मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह 8 बजे की है। दो छात्राएं घायल हुई हैं। बताया जा रहा है कि ड्राइवर ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पुलिस से बचने के लिए गली में खड़ी कर दी थी। छात्राएं इस पर बैठी हुई थीं। इतने में ओवलोड ट्रॉली का पहिया मिट्टी में धसक गया और ट्रॉली पलट गई।

## रायसेन में कार नहर में गिरी, मां-बेटी की मौत

**रायसेन ।** एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई और नहर में जा गिरी। हादसे में मां-बेटी की मौत हो गई। 6 लोग घायल हैं। परिवार अशोकनगर में शादी में शामिल होकर भोपाल लौट रहा था। सलामतपुर में भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे पर मंगलवार तड़के हादसा हो गया। घायलों को दीवानगंज में प्राथमिक उपचार के बाद विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। मृतक फूलवती और बेटी जमुना की मौत हुई है।

### सीएम बोले- सरकार के लिए उच्च शिक्षा विभाग सबसे पहले

## भोपाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर वर्कशॉप; मंत्री परमार ने कहा- सिकंदर महान पढ़ाना गलत इतिहास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, ज्ञान को किसी सीमा में बांधा नहीं जा सकता है। ऋग्वेद में कहा गया है कि जहां से भी ज्ञान मिले, उसे ग्रहण कर लेना चाहिए। सीएम भोपाल के शासकीय सरोजिनी नायडू गर्ल्स (नूतन) कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा-विविध संदर्भ वर्कशॉप में शामिल हुए। यह वर्कशॉप दो दिन चलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे यहां गुलामी का लंबा दौर निकल गया। बाहरी शक्तियों ने हम पर अपनी संस्कृति थोपने का प्रयास किया। यह भारत की ही विशेषता है कि हमने अपनी संस्कृति और ज्ञान परंपरा को अक्षुण्ण रखा है। यह हमारा सौभाग्य है। भारत न कभी दबा, न कभी दबेगा।

सीएम ने कहा, हमारी सरकार उच्च शिक्षा विभाग को लेकर चिंतित है। बाकी विभागों से उच्च शिक्षा विभाग सबसे पहले रहेगा, इसमें कोई शंका नहीं। बाकी विभाग आज की बात करेंगे, लेकिन उच्च शिक्षा विभाग कल की बात करेगा।

**सामान्य विश्व विद्यालय निकालकर फेंकेंगे-** सीएम ने कहा, सरकार की मंशा है कि प्रदेश के विश्वविद्यालय, देश के बाहर भी अपनी साख और पहचान बनाएं। विभाग की जो भी आवश्यकताएं होंगी, सरकार उन्हें पूरा करेगी। प्राइवेट या शासकीय विश्वविद्यालय ही रहेंगे। सामान्य विश्वविद्यालय कहां से आ गया? मुझे भी नहीं पता, इसे निकालकर फेंकने की जिम्मेदारी इस सरकार ने ली है।

**परमार बोले- इतिहास में लुटेरे को महान लिख दिया-** उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा, इतिहास में एक लुटेरे को महान लिख दिया गया। जो लुटेरा भारत को जीत नहीं सका, वो विश्व विजेता कैसे हो सकता है? जो पोरस से दो - दो बार पराजित हुआ, चंद्रगुप्त मौर्य से लड़ नहीं सका, लेकिन इतिहास के पन्नों में दर्ज किया गया कि जो जीता वही सिकंदर, विश्व विजेता सिकंदर। यह गलत इतिहास पढ़ाने की परंपरा है।

New Delhi

# समुद्री सीमा से ड्रग्स की अब तक की सबसे बड़ी जब्ती संदिग्ध पाकिस्तानी-ईरानी नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** गुजरात के आतंकवादी रोधी दस्ते ने भारतीय नौसेना और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के साथ मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के साथ अरब सागर में एक संयुक्त अभियान में चलाया। इस दौरान एक ईरानी नौका को रोककर उसके चालक दल के पांच सदस्यों को हिरासत में लिया। अधिकारियों को संदेह है कि यह लोग ईरान और पाकिस्तान से हो सकते हैं। इनके पास से हजारों करोड़ रुपये की कीमत का 3300 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ बरामद किया। संघीय मादक पदार्थ रोधी एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनसीबी और अन्य एजेंसियों ने मादक पदार्थों की तस्करी



के एक और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। देश में अब तक की सबसे अधिक अपतटीय जब्ती (मात्रा के आधार पर) की है। नौका से गिरफ्तार किए गए पांच लोगों के ईरानी या पाकिस्तानी नागरिक होने का संदेह है। एनसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनके पास से राष्ट्रीयता का कोई दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है। भारतीय नौसेना ने बताया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ भारतीय नौसेना ने लगभग 3300 किलोग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ (3089 किलोग्राम चरस, 158 किलोग्राम मेथामफेटामाइन 25 किलोग्राम मॉर्फिन) ले जा रहे एक संदिग्ध नौका को पकड़ा। अबतक सबसे अधिक जब्त किया मादक पदार्थ है। पकड़ी गई नौका और चालक दल के सदस्यों के साथ-साथ प्रतिबंधित पदार्थों को भी भारतीय बंदरगाह पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंप दिया गया है।'

New Delhi

# आवारा कुत्तों ने डेढ़ साल की बच्ची को नोंचकर मार डाला

## NHRC ने सरकार, पुलिस चीफ को भेजा नोटिस, मांगा जवाब

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मध्य दिल्ली के तुगलक लेन में 24 फरवरी को आवारा कुत्तों के झुंड द्वारा नोंचने से डेढ़ साल के मासूम की मौत मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने इस मामले पर मुख्य सचिव, दिल्ली सरकार, एनडीएमसी कमिश्नर और दिल्ली पुलिस प्रमुख को छह हफ्ते में एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

मासूम बच्ची का नाम दिव्यांशी था। उसके परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया था कि वह धोबी घाट गेट के पास थी जब पांच कुत्तों के एक झुंड ने उस पर हमला किया और उसे 100 मीटर दूर खींच लिया। एनएचआरसी ने कहा कि कुछ महीने पहले इसी परिवार के एक बच्चे के साथ इसी तरह की घटना घटी थी, उसके बाद दोबारा ऐसा हमला हुआ है। जबकि क्षेत्र में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे को लेकर निवासियों ने कई शिकायतें की थीं। मीडिया रिपोर्टों की समीक्षा करने पर, आयोग ने इस स्थिति को 'मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन' माना है। पिछली घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए, एनएचआरसी ने सिविक अथॉरिटी को पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 के प्रावधानों के अनुसार, आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए सभी प्रिवेंशन और क्यूरेटिव कदम उठाने के भी निर्देश दिए हैं। इसी बीच एक पशु अधिकार संगठन ने घटना पर सवाल उठाए हैं। प्रेस को दिए एक बयान में, उसने पूछा कि पुलिस घटना के किसी भी प्रत्यक्षदर्शी को क्यों नहीं ढूंढ पाई? उसने संबंधित अधिकारियों से किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा करने का आग्रह किया।

Uttarpradesh

# दूल्हा नहीं आया तो दुल्हन ने जीजा संग ले लिए फेरे, बलिया के बाद अब झांसी के सामूहिक विवाह में 'खेला'

**झांसी, (एजेंसी) यूपी के झांसी में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां दूल्हे की गैरमौजूदगी में दुल्हन ने जीजा संग सात फेरे ले लिए. लेकिन जब इसकी पोल खुली तो आनन-फानन में दुल्हन ने अपनी मांग में भरा सिंदूर पोंछ डाला. वहीं, इसको लेकर समाज कल्याण अधिकारी ललिता यादव का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है, जांच कराई जाएगी.**

दरअसल, पूरा मामला झांसी के पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान का है. यहां बीते मंगलवार को सामूहिक विवाह योजना के तहत कई जोड़ों की शादी कराई गई. लेकिन इस दौरान जब एक दूल्हा मौके पर नहीं पहुंचा तो दुल्हन के साथ आए उसके शादीशुदा जीजा से ही उसकी शादी कराकर रस्म अदायगी करा दी गई. इसकी पोल तब खुली जब शादी के तुरंत बाद दुल्हन ने मांग में भरा सिंदूर पोंछ डाला. बाद में जब दूल्हा-दुल्हन से अलग-अलग बात की गई तो उन्होंने इस बात को स्वीकार किया.

Jharkhand

# अवैध शराब बिक्री बंद कराने गई पुलिस टीम पर हमला थाना प्रभारी, ASI घायल

**सिमडेगा, (एजेंसी)** झारखंड के सिमडेगा जिले के जलड़ेगा प्रखंड में पुलिस की टीम पर हमला हुआ है. यहां के लोम्बोई में मंगलवार को लगे साप्ताहिक बाजार में अवैध शराब बिक्री की सूचना पुलिस को मिली थी. इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जलड़ेगा थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची.

मगर, साप्ताहिक बाजार में अवैध शराब की बिक्री को बंद कराने और आरोपियों पर कार्रवाई करने पहुंची पुलिस की टीम पर शराब विक्रेताओं ने हमला कर दिया. देखते ही देखते कुछ गांव वाले भी इस हमले में शामिल हो गए. पुलिस की टीम को चारों तरफ से घेरकर ग्रामीणों ने हमला किया. मिली जानकारी के अनुसार, लोम्बोई में मंगलवार को साप्ताहिक बाजार लगा था. इस दौरान वहां अवैध शराब बिक रही थी. जलड़ेगा थाने की टीम जब उसे बंद कराने पहुंची, तो शराब विक्रेताओं ने पुलिस टीम को घेर लिया. इसके बाद पुलिस पर चारों तरफ से हमला कर दिया गया. हमले में थाना प्रभारी शशि शेखर और एएसआई महेश घायल हो गए हैं. पुलिस की टीम किसी तरह जान बचा कर जलड़ेगा पहुंची, जहां उनका इलाज किया जा रहा है. मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की दी गई. इसके बाद पुलिस के आला अधिकारी भी तुरंत मौके पर पहुंच गए. एसडीपीओ बैजू उराव ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है. जिन लोगों ने पुलिस टीम पर हमला किया है, उनकी शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है. वारदात में शामिल दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा. उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है. जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

खेल

# नामीबिया के बल्लेबाज ने रचा इतिहास, टी20 में सबसे तेज शतक लगाने वाले पुरुष खिलाड़ी बने

**कीर्तिपुर (नेपाल), (एजेंसी) नामीबिया के बल्लेबाज यान निकोल लॉफ्टी ईटन ने अंतरराष्ट्रीय टी20 में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। लॉफ्टी ईटन अंतरराष्ट्रीय टी20 में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में नेपाल के खिलाफ कुशल मल्ला के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। लॉफ्टी ईटन ने नेपाल के खिलाफ कीर्तिपुर के त्रिभुवन यूनिवर्सिटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने 36 गेंद पर 101 रन बनाए।**




लॉफ्टी ईटन ने सबसे तेज शतक के मामले में नेपाल के कुशल मल्ला का रिकॉर्ड तोड़ दिया। संयोग से कुशल मल्ला ने यह उपलब्धि नामीबिया के खिलाफ ही हासिल की थी। अब लॉफ्टी ने उनके देश के खिलाफ यह रिकॉर्ड बना दिया। कुशल ने 2023 में 34 गेंद पर शतक लगाया। लॉफ्टी ने अपनी पारी में 11 चौके और आठ छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 280.56 का रहा।

**ईटन और क्रूगर ने की शतकीय साझेदारी-** नामीबिया के कप्तान जेजे स्मिट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। माइकल वान लिंगेन 19 गेंद पर 20 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद जेपी कोट्जे नौ गेंद पर 11 रन बनाकर पवेलियन लौटे। लिंगेन को करण केसी और कोट्जे को रोहित पोडैल ने आउट किया। पोडैल ने इसके बाद यान फ्राइलिंक को पांच रन के निजी स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। यहां से लॉफ्टी ईटन ने मलान क्रूगर के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 135 रन की साझेदारी की। ईटन को अविनाश बोहारा ने आउट किया। क्रूगर 59 और स्मिट एक रन बनाकर नाबाद रहे।

**नामीबिया ने 20 रन से हासिल की जीत-** नामीबिया ने 20 ओवर में चार विकेट पर 206 रन बनाए। जवाब में नेपाल की टीम 18.5 ओवर में 186 रन पर सिमट गई। उसके लिए दीपेंद्र सिंह ने 48 रन बनाए। रोहित पोडैल ने 42 रन की पारी खेली। कुशल मल्ला ने 32, सोमपाल कामी ने 26 और गुलशन झा ने 12 रन बनाए। नामीबिया ने मैच को 20 रन से अपने नाम कर लिया। तीन देशों की सीरीज में नीदरलैंड तीसरी टीम है। नेपाल 28 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा। सीरीज का फाइनल मैच पांच मार्च को होगा।

सिनेमा

# 'साबरमती एक्सप्रेस का जलना नहीं थी दुर्घटना', विक्रांत मैसी लेकर आए धमाकेदार प्रोजेक्ट



विक्रांत मैसी अपनी फिल्म '12वीं फेल' की सफलता के बाद एक और धमाकेदार फिल्म लेकर आ रहे हैं. इस फिल्म का नाम 'द साबरमती रिपोर्ट' है. फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है, जिसमें विक्रांत को एक न्यूज एंकर के रोल में देखा जा सकता है. फिल्म की कहानी 22 साल पहले गुजरात के गोधरा में साबरमती ट्रेन पर हुए अटैक और उसमें अपनी जान गंवाने वाले 59 लोगों पर आधारित है. फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' के साथ विक्रांत मैसी एक दिल को झकझोर देने वाली कहानी लाने के लिए तैयार हैं. ये फिल्म 27 फरवरी 2002 की सुबह साबरमती एक्सप्रेस में गोधरा रेलवे स्टेशन के पास घटित हुई घटनों की कहानी सुनती है. मेकर्स ने फिल्म की झलक एक वीडियो के जरिये दी है. ये फिल्म उन लोगों को समर्पित है जिन्होंने इस दुखद घटना में अपनी जान खो दी थी.'द साबरमती रिपोर्ट' के टीजर में आप विक्रांत मैसी को 27 फरवरी 2002 के दिन स्टूडियो में बैठे देख सकते हैं. वो खबर के सामने आने पर वो उसे लाइव रिपोर्ट कर रहे हैं. एंकर की भूमिका निभा रहे विक्रांत हिंदी में साबरमती हादसे के बारे में बताते हैं. खबर को पढ़ते हुए वो अचानक रुक जाते हैं और कहते हैं कि साबरमती एक्सप्रेस में हुआ हादसा कोई दुर्घटना नहीं थी. इसके बाद ट्रेन के जलने और लोगों के तड़पने और भगदड़ के सीन्स आपके सामने आते हैं.

# संपादकीय

## संकटों से गुजरता कृषि क्षेत्र

महंगाई और प्रति व्यक्ति खर्च बढना एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था की निशानी माना जाता है। मगर इसके साथ-साथ प्रति व्यक्ति आय में भी समतुल्य बढ़ोतरी दर्ज होना आवश्यक है। विचित्र है कि प्रति व्यक्ति आय उस अनुपात में नहीं बढ़ रही है, जिस अनुपात में महंगाई और घरेलू खर्च बढ़ रहा है। इसकी बड़ी वजह रोजगार के नए अवसर सृजित न हो पाना और कोविड के दौरान बाहर हुए लोगों का वापस रोजगार में न लौट पाना है। जो लोग कृषि क्षेत्र में समाहित हो गए हैं, उन्हें भी दैनिक मजदूरी उपलब्ध नहीं हो पाती। कृषि क्षेत्र खुद कई संकटों से गुजर रहा है। दरअसल अर्थव्यवस्था के तेज विकास और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के दावों के बीच हकीकत यह है कि पिछले बारह-तेरह सालों में लोगों का घरेलू खर्च बढ़ कर दोगुने से अधिक हो गया है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के ताजा घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के मुताबिक मौजूदा कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति औसत घरेलू खर्च 2011-12 के 2,630 रुपए से बढ़ कर 2022-23 में दोगुने से अधिक यानी 6,459 रुपए हो गया है। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में यह 1,430 रुपए से बढ़क़र 3,773 रुपए हो गया है। इसमें यह भी जाहिर हुआ है कि गैर-खाद्य वस्तुओं पर खर्च बढ़ा है, जबकि खाद्यान्न पर खर्च पहले की तुलना में कम हुआ है। फलों, सब्जियों, दूध, मछली, खाद्य तेल आदि पर खर्च बढ़ा है। इसी तरह शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, वस्त्र और दूसरी जरूरी उपभोक्ता वस्तुओं पर खर्च बढ़ा है। इसकी एक वजह तो यह बताई जा रही है कि कोविड के समय शहरों से गांवों की तरफ लौटे लोगों के कृषि क्षेत्र में समाहित हो जाने से उस क्षेत्र का औसत उपभोग खर्च बढ़ा है। मगर यही तर्क शहरी खर्च बढने पर लागू नहीं होता। यह तब है, जब सरकार लगातार महंगाई पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। इन आंकड़ों के समांतर दावा यह भी है कि गरीबी में पांच फीसद की कमी आई है। बहुआयामी गरीबी से करीब तेईस करोड़ लोगों के बाहर निकलने का आंकड़ा भी कुछ दिनों पहले चर्चा में था। इन सबके बीच एक तथ्य यह भी है कि प्रति व्यक्ति आय में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति मासिक आय भी लगभग उतनी ही है, जितना प्रति व्यक्ति मासिक खर्च है। मगर इससे प्रति व्यक्ति आय और प्रति व्यक्ति खर्च का समीकरण संतुलित नहीं होता। ज्यादातर परिवारों में एक ही व्यक्ति कमाने वाला होता है, जबकि उस पर निर्भर औसतन तीन लोग होते हैं। इन्हीं आंकड़ों के बीच सरकार का दावा है कि वह बयासी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराती है। यानी प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू व्यय के औसत में इस आबादी का हिस्सा भी शामिल है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि चूंकि यह सर्वेक्षण ग्यारह सालों बाद आया है, इसलिए इसमें प्रति व्यक्ति खर्च ऊंचे स्तर पर नजर आ रहा है।

**Quote...**

"The purpose of our lives is to be happy."

-Dalai Lama

॥ॐ ॥ MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**कृपा और दया पदार्थ के रूप में नहीं आती, किसी के वचन का रूप लेकर आती है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# बिहार में गंगा समेत 21 नदियां ऐसी जहां नहाना सेहत के लिए ठीक नहीं

## स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट



बिहार में गंगा अब स्नान करने लायक नहीं बचीं. इस राज्य में गंगा समेत 22 नदियों का पानी नहाने लायक नहीं है. यह दावा बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने किया है. उन्होंने 2023-24 की अपनी सालाना रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया है.

लोगों से अगर पूछो कि गंगा का पानी अब साफ नहीं है तो आस्था की वजह से वो कहते हैं कि गंगा प्रदूषित नहीं होतीं. हम इसका पानी प्रसाद के तौर पर ले जाएंगे. ले जाते रहे हैं. और नहाएंगे भी.

ऐसे लाखों लोग हैं जो ये बढ़ते प्रदूषण पर ध्यान नहीं देते. लेकिन DTE में छपी खबर के मुताबिक गंगा और अन्य 21 नदियों में नहाने लायक पानी नहीं है. इससे सेहत को नुकसान होगा. गंगा की बिहार में 21 शाखाएं हैं. जो 27 जिलों से बहती हैं. ये सारी की सारी नहाने के लिए उपयुक्त नहीं हैं.

बिहार प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड (BSPCB) ने पूरे राज्य में 98 जगहों पर इन नदियों की मॉनिटरिंग करता है. सभी जगहों पर पानी की गुणवत्ता की जांच की गई. जांच में पता चला कि इन सभी जगहों पर बैक्टीरिया की मात्रा बहुत ज्यादा है. नदी में इंसानी और जानवरों के मल द्वारा फैलने वाला फीकल कोलीफॉर्म्स और कुल कोलफॉर्म्स की संख्या बहुत ज्यादा है.

जिन नदियों की जांच की गई है, वो हैं- गंगा, सोन, पुनपुन, गंडक, बूढ़ी गंडक, घाघरा, बागमती, कोसी, सिकरान्हा, महानंदा, रामरेखा, हारबोरा, परमार, मनुसमर, लखनदेई, कोहरा, घनुष, दाहा, कमला, गांगी, हरहा और सिरसिया. गंगा के पानी की मॉनिटरिंग 35 स्थानों पर की गई थी.

पटना में छह सीवरेज प्लांट हैं. लेकिन कोई भी अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर रहे हैं. पटना में गांधी घाट में गंगा नदी में इंसानों और जानवरों के मल की वजह से मिलने वाले फीकल कोलीफॉर्म्स की मात्रा तय मानक से 36 गुना ज्यादा है. सभी प्लांट की ट्रीटमेंट क्षमता 350 MLD है, जबकि पटना में रोज का डिस्चार्ज 700 MLD है.

पटना में ही लोग बिना ध्यान दिए गंगा में भारी मात्रा में सीवरेज डाल रहे हैं. घरेलू कचरा डाल रहे हैं. बायोमेडिकल कचरा डाल रहे हैं. इस समय पूरे राज्य में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है जो इन कचरों का ट्रीटमेंट करे. कम से कम पूरे शहर में गंगा नदीं में 20 प्रमुख जगहों से सीवरेज और कचरा मिल रहा है.

## Highlights

1. President Droupadi Murmu will visit Jharkhand and Odisha
2. BJP MLAs meet Himachal Governor, seek trust vote after RS win
3. PM lays foundation stone of projects worth ₹17,300 crore in Tamil Nadu
4. Gaganyaan Mission:Mahindra welcomes selection of Indian astronauts
5. BTech student ends life due to gaming addiction, financial trouble
6. Wish of seeing Indian astronauts coming true: Anand Mahindra
7. Haryana CM lauds India's progress on National Science Day

# Nita Ambani to chair Reliance-Disney merged entity: Reports

**NEW DEIHI, (Agency).** Nita Ambani, founder and chairperson of Reliance Foundation, is likely to head the entity formed upon the merger of Viacom 18 and Sony India, the media assets in the country of Reliance Industries Limited (RIL) and the US-based Walt Disney Company, respectively, according to reports.




Ambani's spouse is billionaire and RIL chairperson Mukesh Ambani, who is among the wealthiest individuals in the world; Reliance Foundation is one of several wholly-owned subsidiaries of Reliance Industries. Additionally, Bodhi Tree, a joint venture between British-American businessman James Murdoch and ex-Disney top executive Uday Shankar, will hold a 9% stake in the merged entity, with Disney holding around 40%, and RIL the remaining 51%, as per the reports.

Further, Bodhi Tree promoter Shankar, is likely to be the vice-chairperson of the Viacom18-Sony India joint venture.

While plans could change, an official announcement on the deal is likely on Wednesday, the reports added.

'Unable to comment on media speculation'

On Tuesday, meanwhile, RIL, a Mumbai-based oil-to-retail conglomerate, issued a statement over reports of a binding merger pact having been signed between the two sides. "We would like to clarify that we are unable to comment on media speculation and it would be inappropriate on our part to do so," the company mentioned in a press release. "The company evaluates various opportunities on an ongoing basis. Further, there is no information which has not been announced to the stock exchanges and which should have been announced by the company in terms of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations," the release stated.

# 'Changes need to be made': Sony to layoff 900 PlayStation employees

**NEW DEIHI, (Agency).** Sony Group Corp. will lay off 900 people across its video-game division worldwide, or about 8% of its employees, and close a group in London.

"After careful consideration and many leadership discussions over several months, it has become clear changes need to be made to continue to grow the business and develop the company," departing Sony Interactive Entertainment President and Chief Executive Officer Jim Ryan wrote Tuesday in a note to staff, addressing the cuts.

Sony said the layoffs will also impact




game makers Insomniac (the studio behind Spider-Man), Naughty Dog (The Last of Us) and Guerrilla Games (Horizon), three of its most successful subsidiaries.

Guerrilla Games is cutting 10% of its staff, roughly 40 employees, according to people familiar with the matter. Sony's PlayStation London, best known for the SingStar series, as well as multiple virtual reality games, will shut down.

Head of PlayStation Studios Hermen Hulst said in a note to staff Tuesday that the company has decided to cancel several games in development. "Sometimes, great ideas don't become great games," he wrote. "Sometimes, a project is started with the best intentions before shifts within the market or industry result in a change of plan."

# नगर निगम की टीम पर किया पथराव

## कार्रवाई करने गई तो भड़के लोग किया चक्काजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बस्ती के लोगों ने नगर निगम और पुलिस की टीम पर पथराव कर दिया। निगम की कारवाई के दौरान चक्काजामभी किया।**

मामला भंवरकुआं के प्रोफेसरर कालोनी का है। टीम यहां अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची थी। तभी बस्ती के लोग विरोध में विवाद करने लगे। वह सडक़ पर उतर कर हंगामा करने लगे। पथराव के बाद पुलिस प्रशासन और निगम ने मोर्चा संभाला है।

इंदौर नगर निगम का इन दिनों अतिक्रमण हटाओ अभियान चल रहा है। एक हफ्ते पहले गुरुवार को नगर निगम रिमूवल अमले के साथ पुलिस भी खजराना पहुंची थी। टीम के पहुंचते ही हडकंप मचा। कार्रवाई के दौरान मौजूद लोग विरोध करने लगे थे। इंदौर में बंबई बाजार, खजराना के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई बुधवार को भी प्रोफेसर कॉलोनी में हुई है।

इलाके में अतिक्रमण के कारण पार्किंग और लोगों को आवाजाही में दिक्कतें होती हैं। खासकर महिलाओं को। यहां महिलाओं ने कई बार नगर निगम से शिकायत भी की। इसके चलते मेयर पुष्यमित्र भार्गव के निर्देश पर यहां कार्रवाई हुई थी। यहां भी विरोध के मद्देनजर काफी पुलिस बस साथ में लिया गया। क्षेत्र में दोनों ओर प्लास्टिक, घरेलू उपयोग की चीजों, स्टेशनरी की दुकानें हैं। इन दुकानदारों ने दुकान के बाहर काफी आगे तक अपना सामान जमा रखा था। स्थिति ऐसी थी कि पार्किंग के लिए जगह तक नहीं रहती थी। यहां जैसे ही कार्रवाई शुरू हुई तो हडक़ंप मच गया। दुकानदारों ने सामान समेटना शुरू किया लेकिन इस बीच निगम की टीम ने काफी सामान जब्त कर लिया। खास बात यह कि इस क्षेत्र में बीते सालों में कई गुमटियां तान दी गई जिसने सडक़ काफी संकरा हो गया था, उन्हें हटाया गया। सडक के दोनों ओर इतना अतिक्रमण कर लिया था कि लोग निकल ही नहीं पाते थे। निगम ने यहां अंदर के रास्तों से भी अतिक्रमण हटाया।

# डॉग ने तीन बच्चों को काटा, मालिक पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पाश टाउनशिप में डॉग बाइट की घटना हुई है। हाईप्रोफाइल परिवार के एक डॉग ने एक साथ तीन बच्चों को काट कर घायल कर दिया। रहवासियों ने डॉग के मालिक पर एफआईआर दर्ज करवाई है। डॉग पहले भी बच्चों का काट चुका है। घटना लसूडिया थाना क्षेत्र स्थित द एड्रेस टाउनशिप की है। पुलिस ने अनूप सिंह सतनाम सिंह मान की शिकायत पर आरोपित राकेश चमनलाल सलूजा के खिलाफ केस दर्ज किया है।

अनूप सिंह का 7 साल का बेटा दिव्यजोति सिंह टाउनशिप में बैठा हुआ था। अचानक राकेश का श्वान (गोल्डन रिट्रीवर) कार से कूदा और दिव्य जोत के पैर में काट लिया। लोग चिल्लाए तो श्वान और ज्यादा गुस्से में दौड़ा और 6 साल के प्रत्युश और 8 साल के हार्दिक का पैर पकड़ लिया। रहवासियों ने आपत्ति ली तो सलूजा ने उन्हें धमकाते हुए कहा जो चाहे कर लो। शाम को लोगों ने पुलिस बुलाई और सलूजा के खिलाफ केस दर्ज करवाया। रहवासी संजय शर्मा के मुताबिक सलूजा के श्वान ने तीन महीने पूर्व भी बच्चों को काटा था। रहवासियों के मुताबिक सलूजा श्वान को कार में लेकर घुमा रहा था। वह कार लेकर आया और सीधे गेट खोल दिया। श्वान के गले में पट्टा नहीं था। वह गुस्से में कूदा और सीधे बच्चों की तरफ लपका।

# नर्मदा लाइन फूटने से आधे शहर में रहा पानी का संकट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में आज 68 टंकियों से पानी सप्लाई नहीं हुआ। इन टंकियों से जुड़े लोग पानी के लिए परेशान हुए। दरअसल मंगलवार को जलूद के पास नए इंटेकवेल की 2100 एमएम की पाइप लाइन फूट गई। इस कारण नर्मदा के पहले, दूसरे व तीसरे चरण के पंप बंद हो गए। हालांकि इन्हें सुधार लिया गया, लेकिन इसके बाद भी टंकियां भरने में समय लगेगा। इस वजह से आधे से ज्यादा शहर में पानी नहीं आया।**

जलूद के पास इंटेकवेल की 2100 एमएम की पाइप लाइन है। माना जा रहा है इसकी वेल्डिंग खुलने के कारण लाइन फूट गई। सुबह 11.50 बजे नर्मदा के पहले, दूसरे व तीसरे चरण के सारे पंप बंद हो गए। सुधार के बाद पहले व दूसरे चरण के पंप शाम 6 बजे चालू कर दिए, लेकिन टंकियों को भरने के लिए जरूरी प्रेशर रात 12 बजे बाद आया।

देर रात प्रेशर आने के बाद भी एक साथ चार-पांच टंकियों को भरा जाता है। सुबह तक दूसरे चरण की 14 टंकियां आधी ही भर पाएंगी। तीसरे चरण से जुड़ी टंकियां खाली रह जाएंगी। शहर में कुल 100 से ज्यादा टंकियां हैं।

# पुलिस ने 9 आवेदकों के 9 लाख रुपए वापस कराए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अपराधों पर नियंत्रण के साथ आनलाइन फ्राड की शिकायतों पर कार्रवाई कर क्राइम ब्रांच लगातार कर रहा है। इसी क्रम में 9 आवेदकों के 9 लाख से अधिक रुपए वापस कराए। ठगों ने आवेदकों की क्रेडिट कार्ड डिटेल्स और ओटीपी की जानकारी लेकर वारदात की थी। फ्राड की संपूर्ण जानकारी लेकर जांच की जिसमें ज्ञात हुआ कि आवेदिका सलोनी को ठग ने आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट का अधिकारी बताकर रिवार्ड प्वाइंट रिडीम करने के नाम से ओटीपी लिया और खाते से एक लाख 23 रुपए निकाल लिए। आवेदिका किरण को आरबीएल बैंक के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट का अधिकारी बताकर 23,500 रुपए. आवेदक अनिल को आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम से 70,098 रुपए. आवेदिका जया को आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड बंद करने के फायदे बताकर 51,017 रुपए. आवेदक मो.स्वाले आरबीएल बैंक के क्रेडिट कार्ड की डिटेल लेकर 34,000 रुपए. आवेदक चैतन्य से 32,000 रुपए. आवेदक प्रदीप से 3,28,000 रुपए. आवेदक चंदन से 17,387 रुपए. आवेदक रवि से 2,00,552 रुपए तथा आवेदिका पूनम से 52,347 रुपए ठग लिए थे। क्राइम ब्रांच ने सभी आवेदकों की राशि सकुशल वापस कराई।

# ब्रांडेड कंपनी का नकली लोगो लगाकर बेच रहा था कपड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में नकली खाद्य, कास्मेटिक आयटम्स के साथ ब्रांडेड कंपनी का नकली लोगो लगाकर कपड़े बेचने का मामला सामने आया है। शिकायत पर एरोड्रम पुलिस ने दुकान से लाखों का माल जब्त किया है।फरियादी प्रहलाद ने पुलिस को सूचना दी थी कि थाना एरोड्रम क्षेत्र के 60 फीट स्थित रोहित मेंस स्टोर से ब्रांडेड कंपनी मुफ्ती का कॉपी प्रोडक्ट्स सस्ते दामों पर बेचा जा रहा है। शिकायत पर पुलिस ने राहुल यादव निवासी कल्याण मिल के पास शिवशक्ति नगर को पकड़ा। उसकी दुकान से ब्रांडेड कंपनी के 12 नग टीशर्ट, 85 नग शर्ट, 11 नग जींस एवं पेंट जप्त की गई। आरोपी से यह कपड़े किन दुकानदारों को बेचा, उसकी जानकारी हासिल की जा रही है।

# चोरी की बाइक सहित दो पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एरोड्रम पुलिस ने दो बदमाशों को पकडक़र उनके पास से चोरी की बाइकें बरामद की है। दोनों पर पूर्व में भी चोरी और नकबजनी के केस दर्ज हैं। थाना प्रभारी राजेश साहू के अनुसार, 25 फरवरी को फरियादी प्रेम पिता माणकचंद्र निवासी जय भवानी नगर ने क्रोमा माल एयरपोर्ट रोड पर अपनी बाइक एमपी-09-क्यूएक्स-2180 खड़ी की थी। रात 9.30 बजे अज्ञात बदमाश बाइक चुरा ले गया। इसी प्रकार बाइक क्रमांक एमपी-11-झेडसी-9708 पंचशील नगर कलाली के सामने से चोरी हो गई थी। दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपी पर धारा 379 का केस दर्ज किया था। इसके पश्चात आरोपियों को पकडऩे टीम का गठन किया गया था। टीम ने दोनों घटनास्थलों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपी आशीष पिता दयाराम गोस्वामी निवासी सिद्धार्थ नगर थाना गांधी नगर तथा आरोपी अनुराग पिता मनोज जोशी निवासी कान्यकुब्ज नगर थाना एरोड्रम इंदौर को पकड़ा। दोनों से चोरी की बाइक जब्त की है। आरोपियों से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। परीक्षा केन्द्र के बाहर मनचलों ने नाबालिग छात्रा से छेड़छाड की। खजराना पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर सोहेल और अदनान पर केस दर्ज किया है। पीडिता ने बताया कि सोमवार को वह परीक्षा  गई थी। केन्द्र के बाहर ही दोनों आरोपी उसे देखकर गंदे कमेंट्स करने लगे। विरोध करने पर गालियां दी।

# शादी में बवाल, पथराव से तीन घायल

इंदौर। खुडैल क्षेत्र में शादी समारोह में नाचने की बात पर बवाल हो गया। दो पक्षों में विवाद के चलते डंडे और पत्थर चले, जिसमें तीन लोग घायल हो गए हैं। मामला थाना क्षेत्र के ग्राम अंबा मोलिया का है। यहां घायल मुकेश जाटव की शिकायत पर पुलिस ने जितेंद्र, राजेश, विकास, धर्मेंद्र, संजू, प्रकाश और गोलू पर केस दर्ज किया है।। पुलिस के अनुसार फरियादी, उसके पिता और बहू शादी में नाच रहे थे। इस दौरान टल्ला लगने पर आदित्य नामक बच्चा गिर गया। इसी बात को मुकेश और आरोपी पक्ष में विवाद हुआ। वहीं दूसरे पक्ष से राकेश पिता सीताराम जाटवा की शिकायत पर आरोपी विकास, महेश, मुकेश, सुभाष, बृजलाल और रवि पर केस दर्ज हुआ है। फरियादी राकेश पर आरोपियों ने फावड़े और डंडे से हमला किया था। आरोपियों द्वारा पथराव करने से कई लोगों के घरों के कांच भी फूट गए।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक